दिन– सोमवार | दिनांक– 24 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा में बांध परियोजना के विस्थापितों और समाज के कमजोर वर्गों को आरक्षण नहीं देने सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर सदन में विपक्षी दल सीपीआई माले तथा राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यों ने हंगामा किया। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरु हुई माले के सदस्य सत्यदेव राम सहित उनकी पार्टी के कई विधायक सदन के बीच में आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही सदन की कार्यवाही चली।

———————————————————

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने बजट में बिहार की उपेक्षा की है। श्री यादव ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार बिहार सबसे गरीब राज्य है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में बेरोजगारी के कारण युवाओं का पलायन जारी है। वहीं, शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश और उद्योग के क्षेत्र में भी राज्य पिछड़ेपन का शिकार है। श्री यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की मौजूदा एनडीए सरकार भ्रष्टाचार और अपराध पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है। इधर, विधान परिषद में प्रतिपक्ष की नेता राबड़ी देवी के नेतृत्व में राजद के पार्षदों ने राज्य में कानून व्यवस्था की विफलता के मुद्दें पर नीतीश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

———————————————————

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने आज विधानसभा में कहा कि उद्यमियों के लिए राज्य में जमीन की कमी नहीं है। श्री मिश्रा ने कहा कि सभी अड़तीस जिलों से औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए उन्नीस हजार आठ सौ तिहत्तर एकड़ से भी अधिक जमीन अधिग्रहण के प्रास्तव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जिलों में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि लालू प्रसाद कभी भी अपने पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री नहीं बना पायेंगे। श्री सिन्हा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि लालू परिवार के भ्रष्टाचार के कारण राज्य का विकास अवरूद्ध हुआ है और युवाओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार राज्य के चौतरफा विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज राज्य के पचहत्तर हजार से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त का वितरण किया गया। श्रवण कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत पचहत्तर हजार दो सौ पचानवें लाभार्थियों को चालीस हजार रुपये की पहली किस्त प्रदान की। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री ने बताया कि इस पर कुल तीन सौ एक करोड़ अठारह लाख रुपये का व्यय हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और बेघर परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————————————

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष चौबीस मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। 'वर्ष उन्नीस सौ बयासी में डॉक्टर रॉबर्ट कोच ने टीबी के बैक्टीरिया की खोज की थी। केंद्र सरकार ने देश में टीबी उन्मूलन के लिए कई प्रयास किये हैं। राज्य की तीन सौ चौवालीस पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। विश्व तपेदिक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा राज्य की इन पंचायतों को आधिकारिक रूप से टीबी मुक्त पंचायत घोषित करेंगे। इस अवसर पर इक्कीस जिलों के यक्ष्मा पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

———————————————————————————————

बिहार दिवस समारोह का आज अंतिम दिन है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां आज शाम पटना के गांधी मैदान में आयोजित समापन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

———————————————————————————————

समाप्त